an>

Title: Need to relax the norms for setting up of mobile towers in low population density area in Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं पश्चिमी राजस्थान से आता हूँ, जहाँ जनसंख्या का अनुपात बहुत ही कम है। आजकल मोबाइल नेटवर्क केवल संचार का माध्यम नहीं रह गया है, अपितु भारत को कैशलेस करने की भारत के प्रधानमंत्री जी की जो मुहिम है, उससे भी जुड़ा है। मोबाइल आर्थिक संप्रेषण का भी एक माध्यम बना है।

मोबाइल टावर्स स्थापित करने के लिए दूरसंचार विभाग ने जो मानक तय किये हैं, उन मानकों के अनुरूप पाँच हजार कनेक्शंस पर बीएसएनएल द्वारा मोबाइल टावर स्थापित किया जाता है। चूँकि हमारे यहाँ डेनसिटी ऑफ पॉपुलेशन बहुत कम है, इसलिए यह मानक दूरस्थ रेगिस्तान के भाग में पूरे नहीं किये जा सकते हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी ने पूर्वोत्तर भारत के इलाकों में इन मानको में रिलैक्सेशन दिया है और दो हजार तक कनेक्शंस की संख्या में ही मोबाइल टावर स्थापित करने की परमिशन दी है।

मैं आपके माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन करता हूँ कि पश्चिमी राजस्थान में भी इस प्रकार के मानकों में शिथिलता दी जाए ताकि वहाँ के दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मोबाइल की सुविधा मिल सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Gajendra Singh Shekhawat.